INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII (3rd Lang)	Department: Hindi	Month- April-2026
Q. Bank & Grammar	**Topic:** हम भी तो कुछ देना सीखें (कविता)	**Note: Pls. check with your class work**

अति लघु प्रश्न-उत्तर

प्र1- हम भी तो कुछ देना सीखें कविता के कवि कौन हैं?

उत्तर- 'हम भी तो कुछ देना सीखें' कविता के कवि गोपाल कृष्ण कौल जी हैं|

प्र2- जलती दोपहर में पेड़ हमें क्या देते हैं?

उत्तर- जलती दोपहर में पेड़ हमें छाया देते हैं|

प्र3- धरती पर खेती क्यों होती है?

उत्तर- **अन्न पैदा करने के लिए** धरती पर खेती होती है।

प्र4- हमें किससे कुछ देने की सीख मिलती है?

उत्तर- हमें **देश से** कुछ देने की सीख मिलती है।

प्र5- हमें किसके समान जीना सीखना चाहिए?

उत्तर- हमें **त्यागी पेड़ों के** समान जीना सीखना चाहिए।

लघु प्रश्न-उत्तर

प्र1- हमें क्या करना सीखना चाहिए?

उत्तर- हमें दूसरों की भलाई के लिए कुछ देना, कुछ करना, वृक्षों की तरह त्यागपूर्ण जीवन जीना तथा मेहनत करके नया उजाला फैलाना सीखना चाहिए।

प्र2- कवि ने तरुओं को त्यागी क्यों कहा है?

उत्तर- वृक्ष अपने लिए कुछ भी पैदा नहीं करते। वे फल, फूल, छाया, खुशबू आदि सब कुछ दूसरों को देते हैं। इसलिए कवि ने इन्हें बहुत बड़ा त्यागी कहा है।

प्र3- हम किस तरह से अपने आस-पास उजाला कर सकते हैं?
उत्तर- हम अपने आस-पास के अनपढ़ लोगों को पढ़ना-लिखना सिखाकर, दीन-दुखियों की सेवा कर,पिछड़े हुए लोगों को आगे बढ़ाकर तथा मेहनत द्वारा सफलता हासिल करके अपने आस-पास उज़ाला कर सकते हैं।

प्र4- 'हम भी तो कुछ देना सीखें' कविता से हमें क्या सीख मिलती है?
उत्तर-'हम भी तो कुछ देना सीखें' कविता से हमें बिना किसी स्वार्थ भाव से औरों की भलाई के लिए तथा अनपढ़, पिछड़े, पीड़ित तथा दीन-दुखियों के जीवन में नया उजाला लाने के लिए काम करने की सीख मिलती है।

प्र5- हम मेहनत के दीप जलाकर क्या कर सकते हैं और हमें कैसा काम करना सीखना चाहिए?
उत्तर- हम मेहनत के दीप जलाकर अपने जीवन में और दूसरों के जीवन में नया उजाला ला सकते हैं और हमें ऐसा काम करना सीखना चाहिए जिससे दूसरों की भलाई हो सके|

व्याकरण भाग

प्रश्न1- दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए|

1- सूरज-	रवि	सूर्य
2- चाँद-	चंद्रमा	शशि
3- धरती -	पृथ्वी	भूमि
4- तरु -	पेड़	वृक्ष
5- दीप -	दीपक	दीया
6- फूल-	सुमन	पुष्प
7- माँ-	माता	जननी
8- रोशनी -	प्रकाश	उजाला
9- नया -	नूतन	नवीन
10-जल-	पानी	नीर

प्रश्न- दिए गए शब्दों के विलोम लिखिए|

1- निरक्षर	x	साक्षर
2- देना	x	लेना
3- नया	x	पुराना

4- छाया x धूप

5- उजाला x अँधेरा

6- धरती x आकाश

7- जीवन x मरण

8- थोड़ा x बहुत

9- दिन x रात

10- हित x अहित

प्रश्न- दिए गए विशेषण-विशेष्य शब्दों के उचित मिलान कीजिए|

विशेषण	विशेष्य
1- प्यासी	फूलों
2- जलती	जीवन
3- नया	तरुओं
4- त्यागी	मिट्टी
5- नव	दुपहर

उत्तर- विशेषण-विशेष्य शब्दों के सही जोड़े |

विशेषण	विशेष्य
1- प्यासी	मिट्टी
2- जलती	दुपहर
3- नया	जीवन
4- त्यागी	तरुओं
5- नव	फूलों

---000---